# सिंधिया की जगह भारत सिंह बने चुनाव प्रभारी

## सीएम के करीबी राहुल कोठारी को सह प्रभारी की जिम्मेदारी

नवभारत न्यूज

**दतिया, 15 जुलाई. विधानसभा उपचुनाव के लिए बीजेपी ने अपना चुनाव प्रभारी बदल दिया है. केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की जगह अब ग्वालियर के सांसद भारत सिंह कुशवाह को प्रभारी बनाया है.**

वहीं, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के करीबी और भाजपा के प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी को दतिया उप चुनाव के लिए सह प्रभारी नियुक्त किया गया है.



गौरतलब है कि दतिया विधानसभा उपचुनाव के लिए 30 जुलाई को मतदान होना है. दतिया में भाजपा ने पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा की जगह भाजपा के पूर्व संगठन मंत्री आशुतोष तिवारी को प्रत्याशी बनाया है. वहीं कांग्रेस से पूर्व विधायक घनश्याम सिंह और आजाद समाज पार्टी से दामोदर यादव चुनाव लड़ रहे हैं.

सांसद भारत सिंह दतिया उपचुनाव के लिए भाजपा का चुनाव प्रभारी बनते ही कार्यकर्ताओं को एकजुट करने में जुट गए हैं वहीं भाजपा के प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी ने भी सह-प्रभारी की जिम्मेदारी संभाल ली है. दोनों नेताओं पर चुनाव अभियान के समन्वय, संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने और बूथ स्तर तक चुनावी रणनीति को मजबूत करने की जिम्मेदारी होगी. भाजपा ने उपचुनाव को देखते हुए संगठनात्मक तैयारियां तेज कर दी हैं और इन नियुक्तियों को उसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है. सांसद भारत सिंह कुशवाह को प्रभारी बनाए जाने के पीछे जातीय समीकरण अहम माना जा रहा है. दतिया विधानसभा क्षेत्र में करीब 27 हजार कुशवाह मतदाता हैं, जिन्हें चुनाव में निर्णायक माना जाता है.

### कांग्रेस ने लाखन, सिद्धार्थ को बनाया चुनाव प्रभारी



भाजपा के बाद कांग्रेस ने भी दतिया उपचुनाव के लिए अपने प्रभारियों का ऐलान कर दिया है. कांग्रेस ने विधायक सिद्धार्थ कुशवाह और पूर्व मंत्री लाखन सिंह यादव को चुनाव की जिम्मेदारी सौंपी है. दोनों नेताओं को संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और चुनावी अभियान को गति देने का दायित्व दिया गया है. चुनाव प्रभारियों की नियुक्ति के बाद अब भाजपा और कांग्रेस बूथ स्तर तक अपनी रणनीति को मजबूत करने की तैयारी में हैं. दोनों दल कार्यकर्ता बैठकों, जनसंपर्क अभियानों और स्थानीय मुद्दों को लेकर अपनी चुनावी रणनीति तैयार करेंगे.



# एमपी में बढ़ी गर्मी-उमस

## 06 दिन से नहीं हुई बारिश

**भोपाल, 15 जुलाई. मध्य प्रदेश में मानसून की रफ्तार फिलहाल सुस्त पड़ गई है. पिछले छह दिनों से प्रदेश में कहीं भी व्यापक स्तर पर तेज बारिश नहीं हुई है, जिससे जुलाई के मध्य में ही मार्च-अप्रैल जैसी गर्मी और उमस महसूस होने लगी है. कई शहरों में अधिकतम तापमान 35 से 36 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है.**

मौसम विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों तक प्रदेश में भारी बारिश की संभावना बेहद कम है. हालांकि कुछ इलाकों में हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है, लेकिन फिलहाल झमाझम बारिश के आसार नहीं हैं.

बारिश में आई इस कमी का असर प्रदेश के वर्षा आंकड़ों पर भी दिखाई देने लगा है. अब तक मध्य प्रदेश में औसतन 241.8 मिलीमीटर (करीब 9.5 इंच) बारिश दर्ज हुई है, जबकि इस अवधि तक सामान्य रूप से लगभग 260 मिलीमीटर (10.2 इंच) वर्षा होनी चाहिए थी. इस तरह प्रदेश में सामान्य से करीब 7 प्रतिशत कम बारिश हुई है. पूर्वी मध्य प्रदेश के जबलपुर, सागर, शहडोल और रीवा संभाग सबसे अधिक प्रभावित हैं, जहां औसतन 21 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई है. वहीं भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम और ग्वालियर-चंबल संभाग में बारिश की कमी लगभग 6 प्रतिशत है.

मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को इंदौर, उज्जैन, रतलाम, झाबुआ, धार, आलीराजपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, डिंडौरी, अनूपपुर, उमरिया, शहडोल, सतना, मैहर, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली सहित 21 जिलों में हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावना है. जबकि भोपाल, रायसेन, सीहोर, विदिशा, नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, जबलपुर, सागर, छतरपुर और टीकमगढ़ समेत कई जिलों में गर्मी और उमस का असर बना रह सकता है.

> बारिश के आंकड़ों में देवास जिला अब भी सबसे आगे है, जहां सामान्य से 102 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई है और करीब 18 इंच पानी गिर चुका है. हरदा में 15 इंच, इंदौर और सीहोर में लगभग 14 इंच तथा भोपाल में 13.1 इंच बारिश दर्ज की गई है. दूसरी ओर आलीराजपुर में अब तक केवल करीब सवा दो इंच वर्षा हुई है, जो सामान्य से 74 प्रतिशत कम है.

### एक नजर में

#### पेंशन न देना सचिव पर पड़ा भारी

**सिंगरौली.** जनपद पंचायत क्षेत्र देवसर के ग्राम पंचायत गन्नई के आदिवासी विधवा बुजुर्ग महिला को तीन साल से विधवा पेंशन न देना सचिव पर भारी पड़ गया. जिला पंचायत सीईओ जगदीश गोमे आईएएस ने जांच कराते हुये दोषी पाए जाने पर सचिव गन्नई तुलसीराम यादव पर 21 हजार 500 रूपये का जुर्माना लगाते हुये विधवा महिला को भुगतान कराया है. जिला पंचायत कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत देवसर की ग्राम पंचायत गन्नई की आदिवासी विधवा महिला नानाबाई अगरिया उम्र 69 वर्ष को पिछले तीन वर्षो से विधवा पेंशन प्राप्त न होने एवं आर्थिक रूप से कमजोर नानाबाई आज भी कच्चे खपरैल मकान में रहने को मजबूर है.

#### खुलासा : 4 लाख के आभूषण बरामद

**नीमच / मनासा.** जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों एवं चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना मनासा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने नकबजनी के एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 4 लाख रुपये मूल्य के चोरी गए सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं. पुलिस के अनुसार फरियादी ने थाना मनासा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके सूने मकान का ताला तोडक़र करीब 20 हजार रुपये नकद एवं सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए.

# सहकारिता विभाग में 613 अधिकारी-कर्मचारी पदोन्नत

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 15 जुलाई.सहकारिता विभाग में पदोन्नति नियम 2025 के तहत 15 संवर्ग में कुल 613 पदोन्नति आदेश जारी किये गये हैं. इसमें प्रथम श्रेणी के पदों पर 41, द्वितीय श्रेणी के पदों पर 84, तृतीय श्रेणी के पदों पर 486 और चतुर्थ श्रेणी के 2 पदों पर अधिकारियों/कर्मचारियों को पदोन्नत किया गया है.**

### अधिकारियों-कर्मचारियों के पदोन्नति आदेश जारी

### तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी भी हुए लाभांवित

15 संवर्ग में संयुक्त सहकारिता एवं संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं के 22, उप आयुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं के 19, सहायक आयुक्त एवं सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं के 13, अंकेक्षण अधिकारी के 71, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक के 196, सहकारी निरीक्षक के 106, सहायक ग्रेड-2 के 111, शीघ्र लेखक ग्रेड-2 के 6, अधीक्षक के 2, शीघ्र लेखक ग्रेड-3 के 2, संभागीय अधीक्षक के 8, सुपरवाइजर के 1, सहायक ग्रेड-1 के 29, जमादार का 1 और सहायक ग्रेड-3 के 26 पदोन्नति आदेश जारी किये गये हैं.

# शहरी विकास परियोजनाओं को मंजूरी

## 2,753.10 करोड़ की लागत से होंगे विभिन्न शहरी विकास

**भोपाल, 15 जुलाई. केंद्र सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने अर्बन चैलेंज फंड योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश की 2,753.10 करोड़ रुपये लागत वाली विभिन्न शहरी विकास परियोजनाओं को सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की है.**

इन परियोजनाओं में जल प्रदाय, सीवरेज व्यवस्था और धार्मिक पर्यटन से जुड़ी आधारभूत संरचना के विकास पर विशेष जोर दिया गया है. मंत्रालय के सचिव कटिकिथला श्रीनिवास और अपर सचिव थारा की मौजूदगी में प्रस्तावों की समीक्षा की गई. मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया. बैठक में विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे, अपर आयुक्त दिव्यांक सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे.

स्वीकृत परियोजनाओं में इंदौर की जल वितरण एवं सीवरेज प्रणाली के उन्नयन, जबलपुर की जल प्रदाय एवं सीवरेज परियोजना, रीवा की जल प्रदाय योजना तथा उज्जैन में 11 मंदिर परिसरों के समग्र विकास और कॉरिडोर निर्माण की महत्वाकांक्षी परियोजना शामिल है. उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा क्रियान्वित की जाने वाली इस परियोजना में कालभैरव, मंगलनाथ, संदीपनी आश्रम, शनि मंदिर, भूखी माता, अंगारेश्वर महादेव और बगलामुखी माता मंदिर सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों को आधुनिक सुविधाओं और बेहतर संपर्क मार्गों से जोड़ा जाएगा.


> अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने कहा कि इन परियोजनाओं से नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं मिलेंगी, शहरों का सुनियोजित एवं सतत विकास होगा और धार्मिक पर्यटन को भी नई गति मिलेगी. उन्होंने अधिकारियों को सभी स्वीकृत परियोजनाओं का समयबद्ध और गुणवत्ता के अनुरूप क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.

# भाकपा ने की जनआंदोलनों की घोषणा

## 21 जुलाई को सौंपे जाएंगे ज्ञापन

**भोपाल, 15 जुलाई. भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने केंद्र और मध्य प्रदेश सरकार की नीतियों के विरोध में आगामी महीनों में प्रदेशभर में विभिन्न जनआंदोलनों की घोषणा की है.**

पार्टी के मध्य प्रदेश राज्य सचिव कॉमरेड शैलेन्द्र शैली ने बताया कि भोपाल में आयोजित राज्य परिषद की बैठक में 'बदलाव जरूरी है' अभियान के तहत कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का निर्णय लिया गया. उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू किए जाने के प्रस्तावित कदम का विरोध करते हुए 21 जुलाई को विधानसभा सत्र के दौरान प्रदेश के सभी जिलों में जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे जाएंगे. ज्ञापन में प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू नहीं करने की मांग की जाएगी. इसके अलावा जनता से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर 6 अगस्त से 15 अगस्त 2026 तक देशव्यापी आह्वान के तहत मध्य प्रदेश में पदयात्राएं निकाली जाएंगी.



> 1 सितंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में 'बदलाव जरूरी है' अभियान के तहत विशाल आमसभा आयोजित की जाएगी, जिसमें लाखों लोगों के शामिल होने का दावा किया गया है. भाकपा ने संगठन को वैचारिक और सांगठनिक रूप से मजबूत करने के लिए सितंबर से पार्टी क्लास आयोजित करने का भी निर्णय लिया है. साथ ही इस वर्ष कॉमरेड महेंद्र वाजपेई जन्म शताब्दी समारोह और समाज सुधारक ज्योतिबा फुले की द्विशताब्दी के अवसर पर भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. पार्टी ने कहा कि इन अभियानों के माध्यम से जनता के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा.

# एनडीआरएफ टीम ने सिखाए आपदा प्रबंधन और जीवन रक्षा के गुर

**जबलपुर.** एनडीआरएफ की 11वीं वाहिनी जिले में मानसून पूर्व तैनाती के तहत रानीताल स्थित यूथ हॉस्टल में तैनात हैं. एनडीआरएफ की टीम ने रांझी के लक्ष्मी नारायण यादव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया. इस विशेष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्कूल स्टाफ को प्राकृतिक व मानवजनित आपदाओं के प्रति जागरूक करना था. साथ ही आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षा उपायों, प्राथमिक उपचार और जीवन रक्षक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर किसी भी आपदा के समय होने वाले नुकसान को कम करना था.

# टेक्सटाइल, गारमेंट में निवेश पर फोकस

## सीएम आज दिल्ली के भारत मंडपम में निवेशकों से करेंगे संवाद

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 15 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 16 जुलाई को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित भारत टैक्स-2026 में देश-विदेश के प्रमुख टेक्सटाइल निवेशकों, उद्योग प्रतिनिधियों और वैश्विक ब्रांडों से संवाद कर मप्र में निवेश के नए अवसरों को गति देंगे.**

मुख्यमंत्री विभिन्न निवेश एवं उद्योग जगत से जुड़े कार्यक्रमों में शामिल होकर राज्य की उद्योग हितैषी नीतियों, आधुनिक औद्योगिक अधोसंरचना तथा टेक्सटाइल एवं गारमेंट क्षेत्र में उपलब्ध व्यापक निवेश संभावनाओं को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय उद्योग जगत के समक्ष प्रस्तुत करेंगे. वन-टू-वन बैठकों, राउंड टेबल चर्चा, एमओयू तथा निवेशक संवाद के माध्यम से टेक्सटाइल, गारमेंट एवं फुटवियर क्षेत्र में नए निवेश आकर्षित करने की दिशा मे विस्तृत चर्चा की जाएगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव भारत मंडपम में भारत टेक्स-2026 का अवलोकन करेंगे तथा मप्र पवेलियन का निरीक्षण भी करेंगे. पवेलियन में राज्य की उद्योग हितैषी नीतियों, आधुनिक औद्योगिक अधोसंरचना, कौशल विकास, धार जिले में विकसित हो रहे पीएम मित्र पार्क तथा टेक्सटाइल क्षेत्र की संपूर्ण औद्योगिक वैल्यू चेन को वैश्विक उद्योग जगत के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया जाएगा.

> मुख्यमंत्री डॉ. यादव भारत टैक्स-2026 में टेक्सटाइल एवं गारमेंट क्षेत्र के प्रमुख उद्योगपतियों के साथ आयोजित राउंड टेबल चर्चा में भाग लेंगे. इस चर्चा में मप्र के टेक्सटाइल एवं गारमेंट इकोसिस्टम, निवेश की संभावनाओं, निर्यात संवर्धन, वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता, सतत विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स तथा कौशल विकास जैसे विषयों पर विचार-विमर्श होगा. केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह भी राउंड टेबल को संबोधित करेंगे. बैठक में 100 से अधिक उद्योगपतियों, निवेशकों एवं उद्योग संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे.

# अधिकारी-कर्मचारी निष्पक्षता और गंभीरता से काम करें

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 15 जुलाई. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र संजीव कुमार झा ने बुधवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक दतिया के साथ वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से बैठक की.**

दतिया विधानसभा में होने वाले उप निर्वाचन के संबंध में की जा रही तैयारियों की समीक्षा की. इस दौरान उन्होंने कहा कि उप निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी अधिकारी-कर्मचारी निष्पक्षता और गंभीरता के साथ निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप कार्य करें. समीक्षा बैठक के दौरान

### सीईओ झा ने बैठक में दिए निर्देश

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने कहा कि स्वीप गतिविधियों के माध्यम से प्रचार प्रसार में तेजी लाएं. मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करें. इसके साथ ही मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने क्रिटिकल मतदान केंद्र, बॉन्ड ओवर, वल्नरेबल मतदान, इंटर स्टेट नाकों पर की जा रही कार्रवाई, अवैध हथियारों की जब्ती, पेड न्यूज और आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर मिल रही शिकायतों पर की जाने वाली कार्रवाई और कानून-व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की.

# माता पिता मजदूरी करने गए, बाहर पुत्री ने लगा ली फांसी

**तेंदूखेड़ा/दमोह.** थाना अंतर्गत ग्राम सरस्वगली जो नगर से करीब 40 किलोमीटर दूर है. एक महाविद्यालय मे पढ़ने वाली छात्रा की फांसी से मौत का मामला सामने आया है. जानकारी लेने पता चला की 18 वर्षीय की छात्रा जो तेंदूखेड़ा के रानी दुर्गावती महाविद्यालय मे अध्यन करती थी. बुधवार करीब सुबह 5 बजे के बाद अचानक फांसी लगा ली. जिससे उसकी मौत हो गयी, जब सुबह आसपास के लोगों ने छात्रा कीर्ति पिता दशरथ पाल के घर के दरवाजे बंद मिले, तो कुछ परिजन ने छात्रा को बिलाने गये तो छात्रा घर मे पंखा के कुंदे से शव लटका मिला. जिससे कोहराम मच गया.



### भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने मां शारदा देवी के दर्शन किए

मैहर, 15 जुलाई. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने बुधवार को मैहर में माँ शारदा देवी जी के दर्शन एवं पूजन-अर्चना कर प्रदेश वासियों के सुख-समृद्धि की कामना की.

# मुरैना में 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान शुरू

**मुरैना, 15 जुलाई. एमपी शासन के 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान का शुभारंभ मुरैना में पुलिस अधीक्षक कार्यालय से किया गया.**

पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इस अवसर पर पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे. पुलिस के अनुसार पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और अन्य विभागों के संयुक्त सहयोग से यह अभियान जिलेभर में 15 दिनों तक चलाया जाएगा. अभियान के तहत जागरूकता रथ गांवों और शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करेगा. नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि उसके परिवार और पूरे समाज के लिए भी गंभीर नुकसान का कारण बनता है. पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से स्वयं नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की है. अभियान के अंतर्गत शासकीय एवं निजी बस स्टैंड, प्रमुख बाजार, चौराहों, स्कूलों, महाविद्यालयों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.

### ऐतिहासिक सुधार — पीएम मोदी 17 जुलाई को वर्चुअली तरीके से करेंगे लोकार्पण

# अशोकनगर रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास पूर्ण

**भोपाल, 15 जुलाई. अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत लगभग 22 करोड़ रुपये की लागत से अशोकनगर रेलवे स्टेशन का व्यापक पुनर्विकास किया गया है. इसका लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को वर्चुअली तरीके से करेंगे.**

ऐतिहासिक महत्व वाले इस स्टेशन को आधुनिक, आकर्षक और यात्री-केंद्रित स्वरूप प्रदान किया गया है. पुनर्विकास के तहत सर्कुलेटिंग एरिया का सुधार, बेहतर पार्किंग, नया पोर्च, स्टेशन भवन का उन्नयन, प्लेटफॉर्म अपग्रेडेशन और नए




प्लेटफॉर्म शेल्टर का निर्माण किया गया है.

भोपाल मंडल के एनएसजी-5 श्रेणी के इस स्टेशन पर प्रतिदिन 50 से अधिक ट्रेनों का संचालन होता है और औसतन 6,000 से ज्यादा यात्री आवागमन करते हैं. बढ़ती यात्री संख्या को देखते हुए प्रतीक्षालय, आधुनिक बुकिंग काउंटर, कॉन्कोर्स एरिया, दिशा संकेतक, नया फुट ओवर ब्रिज, रैंप और लिफ्ट जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं. दिव्यांगजन यात्रियों के लिए लो-हाइट टिकट खिड़की और टैक्टाइल पाथ की व्यवस्था भी की गई है. स्थानीय कला एवं संस्कृति की झलक के साथ विकसित नया अशोकनगर रेलवे स्टेशन अब क्षेत्र में बेहतर रेल संपर्क, पर्यटन और आधुनिक यात्री सुविधाओं का नया केंद्र बन गया है.

> अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत लगभग '29.46 करोड़ रुपये' की लागत से विदिशा रेलवे स्टेशन का व्यापक पुनर्विकास पूरा हो गया है. भोपाल मंडल के एनएसजी-3 श्रेणी के इस महत्वपूर्ण स्टेशन पर प्रतिदिन 13 हजार से अधिक यात्री आवागमन करते हैं, जिन्हें अब आधुनिक, सुरक्षित और सुविधाजनक रेल सेवाओं का लाभ मिलेगा. यह स्टेशन साँची, उदयगिरि सहित क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन स्थलों का अहम प्रवेश द्वार भी है. पुनर्विकास के तहत स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया का विस्तार और सौंदर्यीकरण किया गया है. प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 से 4 तक नए कवर शेड और शेड विस्तार का कार्य पूरा किया गया है. स्टेशन भवन के फसाड और आंतरिक हिस्सों को आधुनिक स्वरूप दिया गया है, जबकि प्रतीक्षालय, शौचालय और अन्य यात्री सुविधाओं का भी उन्नयन किया गया है.

### पेज एक का शेष

# लखन पटेल को पशुपालन विभाग से हटाया

**दिल्ली से संदेश के बाद हटाया :** बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पास मंगलवार रात लखन पटेल को लेकर दिल्ली से फोन आया था, उसके बाद ही पटेल को आनन-फानन में हटाये जाने का निर्णय लिया गया और रात को ही अधिसूचना भी जारी कर दी गई. इससे पहले पिछले वर्ष कैबिनेट मंत्री नागर सिंह चौहान से वन विभाग वापस ले लिया गया था, तब ये विभाग कांग्रेस से भाजपा में आए रामनिवास रावत को दे दिया गया था, तब चौहान ने इस मामले में नाराजगी भी जाहिर की थी. हांलाकि बाद में रावत विधानसभा उपचुनाव हार गए थे और उन्हें मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था, उसके बाद ये विभाग सीएम के पास चला गया था. **क्या है ताजा मामला :** दरअसल राज्य सरकार प्रदेश में स्वावलंबी गौशालाएं शुरू करने पर गंभीरता से अमल करने के मूड में है. इन तरह की गौशालाएं पूरी तरह आत्मनिर्भर होती. यहां न सिर्फ ऐसे गौवंश को संरक्षित रखा जाता जो कि उम्रदराज और लावारिश है, वहीं उन्नत नस्ल की गौवंश का पालन कर इसे मॉडल गौवंश के रूप में विकसित किया जाना था. यहां 5 हजार से लेकर 25 हजार तक गौवंश रखने की क्षमता होती. जाहिर है कि इस तरह के गौशालाओं के लिए जमीन भी अधिक चाहिए. लिहाजा इस क्षेत्र में काम करने के लिए बड़ी और प्रतिष्ठित संस्थाओं को मौका दिया जाना था, लेकिन संस्थाओं के चयन से लेकर जमीन आवंटन की प्रक्रिया में लापरवाही बरती जा रही थी. संस्थाओं के चयन को लेकर संघ तक ने आपत्ति दर्ज करा दी थी. बताया जा रहा है कि इसकी शिकायत दिल्ली तक की गई है. शिकायतों के परीक्षण में इसे सही पाया गया, इधर व्यवस्था ठीक करने और काम तेजी से आगे बढ़ाने के लिए लखन पटेल को पिछले लगभग 6 माह से मुख्यमंत्री भी लगातार सचेत करने के साथ समझाईश भी दे रहे थे, बताया जा रहा है कि जमीन आवंटन और संस्थाओं के चयन में की गई लापरवाही आखिरकार राज्य मंत्री को भारी पड़ी और दिल्ली से मिले निर्देश के बाद पटेल को पशुपालन एवं डेयरी विभाग से हटा दिया गया.